www.facebook.com/worldkhabarexpress www.twitter.com/worldkhabarexpress www.youtube.com/worldkhabarexpress

WORLD खबर EXPRESS

शनिवार, 02-10-2021 अंक-365

www.worldkhabarexpress.media
www.worldkhabarexpress.com

WORLD खबर एक्सप्रेस

MID DAY E-PAPER

# सीएसए में मनाया गया 'गांधी पर्व'





**कानपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 152वीं जयंती के अवसर पर चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 'गांधी पर्व' का आयोजन किया गया। कायक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान बापू जी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम..... भी गाया और सुना गया। कुलपति ने कहा कि बापू ने अहिंसा के दम पर अंग्रेजों से देश को आजाद करा दिया था। इसलिए, बापू आज भी लोगों के दिलों में बसते हैं। बापू ने बैरिस्टर की डिग्री प्राप्त कर बड़ा अफसर बनना उचित नहीं समझा, बल्कि अपना पूरा जीवन देश और समाज की सेवा में समर्पित कर दिया। गांधीजी के आंदोलनों में दांडी यात्रा, भारत छोड़ो आंदोलन, असहयोग आंदोलन एवं विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार प्रमुख थे। गांधी जयंती के अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. आरपी सिंह ने बताया कि आज का दिन पूरा विश्व, अहिंसा दिवस के रूप में मनाता है। गांधी जी ने स्वच्छ भारत का सपना देखा था, इसलिए विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित छात्रावास के आसपास व मुख्य परिसर में साफ-सफाई का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद विश्वविद्यालय परिसर को साफ-सुथरा रखने के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

4 दैनिक जागरण कानपुर, 3 अक्टूबर, 2021




सीएसए में रोटरी क्लब आफ कानपुर गौरव द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोलते सीएसए के कुलपति प्रो.डीआर सिंह (दाएं)। साथ में जागरण समूह के संपादकीय निदेशक महेन्द्र मोहन गुप्त (दाएं से दूसरे) व अमित पांडेय • जागरण

# रोटेरियन ने सीएसए कुलपति को सौंपी कुर्सियां

**जासं, कानपुर:** रोटरी क्लब आफ कानपुर गौरव व जेके सीमेंट की ओर से पदाधिकारियों ने पब्लिक यूटिलिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि (सीएसए) के कुलपति को 400 कुर्सियां सौंपी। पदाधिकारियों ने बताया कि अब कैंपस में सुबह - शाम घूमने आने वाले लोगों के साथ ही राहगीर, छात्र-छात्राएं इन कुर्सियों पर बैठ सकेंगे। मुख्य गेट से लेकर अंदर मुख्य भवन तक व सामने बने मैदान के चारों ओर इन कुर्सियों को रखवाया गया।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के कुलपति प्रो. डीआर सिंह ने पदाधिकारियों के इस कदम को सराहा। यहां जागरण समूह के संपादकीय निदेशक महेन्द्र मोहन गुप्त, जेके सीमेंट के निदेशक निधिपति सिंहानिया, डा.अतुल कपूर, अतुल कनोडिया, पीयूष अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

हिन्दुस्तान • कानपुर • रविवार • 03 अक्तूबर 2021 • 08

संक्षेप

# सीएसएः रोटरी ने 400 फोर सीटर बेंच दीं

**कानपुर।** सीएसए के मॉर्निंग वॉकर अब अगर थक जाएं तो उन्हें बैठने के लिए फोर सीटर बेंच की सुविधा दी गई है। ऐसी 400 बेंच शनिवार को रोटरी क्लब ऑफ कानपुर गौरव की ओर से सीएसए के कुलपति डॉ. डीआर सिंह को सौंपी गई। पब्लिक यूटिलिटी प्रोजेक्ट के तहत पूरे विश्वविद्यालय में ऐसी बेंच पड़ गई हैं जहां बुजुर्ग बैठतक सुबह टहलने के बाद कुछ पल बिता सकते हैं। प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल, मुकेश सिंहल आदि रहे।